# बावड़ियां हमारी अमूल्य धरोहर, इनके संरक्षण से बचेगा भविष्य

## पद्मश्री बाबूलाल दाहिया की उपस्थिति में वीरपुर में बावड़ी उत्सव के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विकासखंड स्तरीय समापन

नवभारत न्यूज

**सतना 2 जुलाई, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उचेहरा के तत्वावधान में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय बावड़ी उत्सव का समापन कार्यक्रम ग्राम पंचायत वीरपुर स्थित प्राचीन बावड़ी परिसर में आयोजित किया गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ बालिकाओं द्वारा पारंपरिक कलश यात्रा एवं बावड़ी पूजन के साथ हुआ, जिससे पूरे आयोजन में सांस्कृतिक और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री बाबूलाल दाहिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत एवं सरपंच संघ उचेहरा के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह परिहार 'शिब्बू' ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य राजाराम कुशवाहा एवं विकासखंड समन्वयक विश्वनाथ राय उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने कहा कि कुएं, बावड़ियां और अन्य पारंपरिक जल स्रोत हमारी अमूल्य सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर हैं। इनके संरक्षण एवं पुनर्जीवन से भूजल स्तर में सुधार होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बताते हुए सभी से इन धरोहरों को बचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। विकासखंड समन्वयक विश्वनाथ राय ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संचयन, नदियों, तालाबों, कुओं एवं बावड़ियों का संरक्षण, जल स्रोतों का पुनर्जीवन तथा भूजल स्तर में वृद्धि करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाकर ही भविष्य के जल संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में शिवेंद्र सिंह %शिब्बू% ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा उनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान जल संकट को कम करने, कृषि को लाभ पहुंचाने, पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सर्जना अध्यक्ष सुरेश दाहिया, वसुंधरा समिति के बृजेंद्र प्रकाश एवं सतवंत सिंह, उपसरपंच रामदयाल साहू, रोजगार सहायक तेजभान सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# बरसात शुरू होते ही गलियों की दुर्दशा

नवभारत न्यूज

**नागौद 2 जुलाई, नगर पंचायत नागौद के वार्ड नं सात बरसात शुरू होते जल भराव होने लगता है और लोगों को गंदे पानी से होकर आवागमन करना पडता है।**

गंदे पानी में बदबू आती है एवं कई तरह के जहरीले कीड़े मकोड़े आ जाते हैं जिसके कारण कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात का पानी गली में भरा रहता है हम लोगों द्वारा नगर पंचायत कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायत दी गई परंतु आज तक पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग किया है। नगर पालिका अधिकारी को फोन लगाकर बताने की कोशिश की गई परंतु फोन उठाकर काट देते हैं हमारी समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है।

# सांसद के जन्मदिन पर फल वितरण और पौधरोपण किया



नवभारत न्यूज

**मझगवां 2 जुलाई, सतना सांसद गणेश सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर मझगवां मण्डल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को फल वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष रमेश सिंह धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह, सांसद प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल, भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अवध बिहारी मिश्र, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष राम अवतार दद्दा उपाध्यक्ष राहुल उपाध्याय बीरेंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी शिवांशु जायसवाल, शैलेंद्र प्रसाद सिंह, एस टी मोर्चा अध्यक्ष हाकिम राजपाल, राजकुमार गुप्ता, विनय पांडे अभिषेक, सचिन जायसवाल, कमल गुप्ता नितिन जायसवाल उमंग गुप्ता कोदुलाल वर्मा सरपंच पटना खुर्द, सभी वरिष्ठ जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताबन्धु, पदाधिकारी, एवं सी एच सी के चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

# परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुन्दर अतिक्रमण मुक्त बनाने के सम्बन्ध में की बैठक

**चित्रकूट, 2 जुलाई।** कामता नाथ परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुंदर, अतिक्रमण मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से दोनो प्रदेष के प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय कि सायूक्त बैठक मे अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लालजी यादव को निर्देश दिए गए कि परिक्रमा मार्ग पर पान मसाला पाउच, पॉलीथीन, थर्माकोल, सिंगल यूज प्लास्टिक और अन्य प्रतिबंधित सामग्री के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाई जाए। इसके लिए एक समन्वय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें वन, पर्यटन, पुलिस, खाद्य, उद्यान और नगर निकाय विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

# जसो में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम का शुभारंभ

## ग्रामीणों को मिलेगी योजनाओं की जानकारी




नवभारत न्यूज

**नागौद, 2 जुलाई । विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए आज जनपद पंचायत नागौद की ग्राम पंचायत जसो में %विकसित भारत जी राम जी अधिनियम% का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच निशा कुशवाहा ने की। इस अवसर पर सचिव केके गौतम, रोजगार सहायक रवि प्रकाश कोरी, सब इंजीनियर रीतेश राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों में निधि सोनी पंच, सतीश तिवारी पंच, रानू चौधरी पंच शामिल हुए। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिक ऋषि सोनी, द्वारिका मिश्रा, विजयकांत नामदेव, शिव शंकर पाठक, कमल पाठक, राम नरेश कुशवाहा, संतोष बारी, राम नारायण कुशवाहा, अतुल सिंह, बहोरी चौधरी, शंकर कुशवाहा, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, रामकरण चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### क्या है उद्देश्य

सचिव केके गौतम ने बताया कि इस अधिनियम के तहत गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों को पीएम आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और पात्र हितग्राहियों का मौके पर ही पंजीयन किया जाएगा। सरपंच निशा कुशवाहा ने ग्रामीणों से अपील की कि वे शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लें और विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बनें।




# कोटर में लायंस क्लब ने डॉ . सर्वेश व अखिलेश को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**कोटर 2 जुलाई, कोटर लायंस क्लब द्वारा आज एक जुलाई को अंतरराष्ट्रीय डाक्टर दिन होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटर में पदस्थ डॉ सर्वेश सिंह एवं डॉ अखिलेश पटेल को सम्माननीय किया गया।**

सम्मान करने वालों में क्लब के अध्यक्ष सव्यसाची मिश्रा ,संजय तिवारी , सेवानिवृत शिक्षक कौशलेंद्र पाण्डेय ,जोन चेयरपर्सन डॉ रमेश मिश्रा ,पिंटू शुक्ला ,कमलेश पाण्डेय ,विपिन शर्मा पी आर रहे एवं रमेश मिश्रा कौशलेंद्र पाण्डेय संजय तिवारी विपिन शर्मा का रक्त परीक्षण किया गया सत्र के शुभारंभ में गतिविधियां की गई।

# नागौद के जवाहर चौक में जलभराव और नगर में फैली गंदगी

नवभारत न्यूज



**नागौद 2 जुलाई, नगर के मुख्य बाजार स्थित जवाहर चौक में बारिश के बाद जलभराव और गंदगी की स्थिति से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं।**



इस मुद्दे पर यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वरुण गुर्जर 'डिंकल' ने नगर परिषद और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार अपने विकास कार्यों का व्यापक प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी ओर नागौद नगर की वास्तविक स्थिति कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है।उन्होंने कहा कि जब नगर के मुख्य बाजार की यह स्थिति है, तो अन्य मोहल्लों और गलियों के हालात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। नगर परिषद स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के दावे करती है, लेकिन बारिश शुरू होते ही व्यवस्थाओं की पोल खुल जाती है। कई स्थानों पर कचरे के ढेर और जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यूथ कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए, जल निकासी और साफ-सफाई की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

# समाजसेवी स्व .अशोक कुमार लोधी स्मृति में प्रतिभा सम्मान आयोजित

नवभारत न्यूज

**नागौद 2 जुलाई, वरिष्ठ समाजसेवी स्मृतिशेष अशोक कुमार लोधी के सम्मान में श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि, शब्दांजलि कार्यक्रम में क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिसके अंतर्गत कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में सत्तर प्रतिशत से अधिक आने वाले छात्र - छात्राओं का स्मृति - चिन्ह , मेडल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।**



इस पुष्पांजलि, शब्दांजलि कार्यक्रम में क्षेत्र के चिरपरिचित राजनीतिज्ञ, समाजसेवी, युवा समाजसेवी, पुराने मित्रगण उपस्थित हुए एवं अपने विचार, स्मृतियाँ अशोक बाबू के सम्मान में साझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में यादवेंद्र सिंह गुड्डू, डॉक्टर पीसी कुशवाहा, प्रोफेसर संतोष सोनी, हरिहर पटेल, संजय पटेल जलधारा, महेश लोधी देवरी सागर, दिलीप नागपुरे सिवनी, सीमा अमरनाथ लोधी पूर्व जिलापंचायत सदस्य, आचार्य उदयपाल अज्ञानी, ओमप्रकाश लोधी लेखक लोधीराज इतिहास, शिवबालक लोधी पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, अरविंद लोधी सरपंच हड़हा, एडवोकेट केके पटेल, एडवोकेट सत्यराज लोधी, आर के लोधी पूर्व प्राचार्य सतना, रामनारायण सिगरौल पूर्व सीओ, अनिल लोधी जनपद सदस्य, ईश्वरदीन लोधी सरपंच, शीशमन लोधी सांसद प्रतिनिधि, राजललन सिंह परिहार शिक्षक, बलमंत सिंह परिहार, दलजीत किसान, योगेश योगी, अमरनाथ लोधी, धर्मेंद्र लोधी लाला आदि रहे।

# सृजन नागौद की मासिक गोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

**नागौद 2 जुलाई, सृजन नागौद की मासिक गोष्ठी का आयोजन सुदामा सिंह के निवास में 28 जून 2026 को सायं 5.00 बजे से किया गया था।इस बैठक के मुख्य अतिथि बालेन्दु प्रभाकर मिश्र जी रहे जबकि अध्यक्षता विद्यानन्द पाठक ने की।गोष्ठी का संचालन अरुण कुमार सिंह ने किया।**




गोष्ठी का शुभारम्भ श्रीमती निर्मला सिंह जी की वाणी वन्दना के हुआ। सर्वप्रथम अजीत सिंह कुँवर ने आगामी वार्षिकोत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी से कुछ नए सदस्य बनाने का आग्रह किया। कृष्णकान्त गर्ग ने अधिमास के महत्व पर अपने विचार रखे। तत्पश्चात कवि गोष्ठी का शुभारम्भ हुआ, जिसमें क्रमश: अरुण पयासी, प्रगति सोनी, शैलेन्द्र सिंह शैल, डा. यू बी सिंह, कालिका प्रसाद त्रिपाठी, रमेश सिंह जाखी, अजीत सिंह कुँवर एवं बालेन्दु मिश्र ने सरस काव्य पाठ किया। अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात् श्रीमती योजना सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार प्रदर्शित किया। बैठक में रमेश सिंह, विजय सिंह, राणा प्रताप सिंह, कृष्ण कान्त गर्ग, के दहिया, सुदामा सिंह, राकेश सोनी, रामकरण दाहिया आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# बस स्टैंड का बुरा हाल, नगर परिषद नहीं दे रही ध्यान, यात्री परेशान

नवभारत न्यूज

**नागौद, 2 जुलाई, नागौद नगर का मुख्य बस स्टैंड इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। आलम यह है कि बस स्टैंड का कोई धनी-धोरी नजर नहीं आता। नगर परिषद द्वारा ध्यान न देने से यहां की स्थिति नारकीय हो गई है।**



मानसून की पहली बारिश में ही बस स्टैंड परिसर तालाब में तब्दील हो गया है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में पानी और कीचड़ भर गया है। यात्रियों को अपनी जान जोखिम में डालकर बसों तक पहुंचना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।

बस स्टैंड के किनारे बैठे दुकानदारों ने बताया कि सालों से यही स्थिति है।

न तो गड्ढे भरे जाते हैं और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था है। बरसात में दुकानों के सामने पानी भर जाने से व्यापार भी ठप हो जाता है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद करोड़ों का टैक्स वसूलती है, लेकिन बस स्टैंड जैसी मूलभूत सुविधा पर ध्यान नहीं देती।

बस स्टैंड की साफ-सफाई, मरम्मत और जल निकासी भगवान भरोसे है। नागरिकों ने कलेक्टर और सीएमओ से मांग की है कि बस स्टैंड की तत्काल मरम्मत कराकर गड्ढे भरवाए जाएं और स्थायी जल निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके.



# कचरे के ढेर में तब्दील विवेकानंद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

नवभारत न्यूज

**नागौद 2 जुलाई, स्वच्छ भारत सर्वेक्षण अभियान के बोर्ड लगाकर स्वच्छता का संदेश प्रचार प्रसार में चल रहा है हकीकत को उल्टा है.**

मेंन बाजार वार्ड क्रमांक 7 नगर परिषद का आधा सैकड़ा से ज्यादा दुकानों का विवेकानंद शॉपिंग कंपलेक्स जहां से प्रतिमाह हजारों रुपए नगर परिषद को दुकानदारों से किराया प्राप्त होता है लेकिन इस परिसर में सफाई व्यवस्था नदारत है हफ्तों से कचरे का ढेर लगा हुआ है परिसर की गैलरी में कचरा ही कचरा फैला हुआ है सफाई मित्र जिसकी ड्यूटी इस वार्ड में लगी है वह सरकारी काम के अलावा प्राइवेट कापलेक्स दुकानों में ज्यादा समय देकर सफाई करता है परिसर में कभी झाड़ू नहीं लगती है सफाई मित्र कभी दिखता नहीं परिसर की हालत भी खस्ता हाल है कबाड़ ही लोगों का भरा हुआ है।

# बाल हनुमान एवं शिवलिंग की स्थापना पर भंडारा आयोजित

नवभारत न्यूज

**कोठी 2 जुलाई,** व्यापारी संघ कोठी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी मदनी निवासी सहेंद्र सिंह ने अपने गांव के घर के सामने एक विशालकाय मंदिर का निर्माण करवा कर पूज्य विद्वान पंडितों से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर बाल हनुमान एवं शिवलिंग की स्थापना करवाई इस धार्मिक आयोजन में पिछले चार दिनों तक मंदिर में विधिवत पूजा अनुष्ठान किया गया। भंडारे के पूर्व अखंड श्री रामचरितमानस पाठ का संगीतमय आयोजन कर




विशाल भंडारा आयोजित किया जिसमें गांव सहित कोठी तथा कोठी के आसपास के क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया।

# किसानों को कम पानी वाली फसल उगाने के लिए किया प्रेरित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 2 जुलाई, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र ( केवीके ) गनीवां का सघन दौरा किया। यहां वह 'खेत बचाओ अभियान' के तहत आयोजित एक वृहद किसान जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए।**



यह कार्यक्रम विशेष रूप से 'एल नीनो' के कारण उत्पन्न होने वाले मौसम के बदलावों और कृषि पर पड़ने वाले इसके प्रतिकूल प्रभावों से बचाव के लिए आयोजित किया गया था। कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा में गोस्वामी तुलसीदास जी प्रतिमा का माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और एल नीनो के प्रभाव के चलते मानसून में अनियमितता और कम बारिश की आशंका बनी रहती है। ऐसे में किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है, लेकिन किसानों को भी समय रहते वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना होगा। मंत्री ने उपस्थित किसानों से अपील की कि वे एल नीनो के संभावित सूखे से निपटने के लिए पहले से तैयारी रखें। उन्होंने सलाह दी कि किसान अधिक पानी वाली फसलों (जैसे धान) के बजाय कम पानी में तैयार होने वाली व सूखा-रोधी फसलों जैसे बाजरा, ज्वार, तिल, उड़द और मूंग की खेती को प्राथमिकता दें। इसके साथ ही खेतों की गहरी जुताई कर मेड़बंदी करने और सिंचाई के लिए ड्रिप या स्प्रिंकलर विधि अपनाने पर जोर दिया गया, ताकि खेत में नमी बरकरार रहे और पानी की बचत हो सके। कार्यक्रम में केवीके गनीवां के कृषि वैज्ञानिक उत्तम कुमार त्रिपाठी सहित अन्य वैज्ञानिकों ने किसानों को एल नीनो के प्रभाव से फसल बचाने की तकनीकी जानकारी विस्तार से दी। वैज्ञानिकों ने बताया कि बीजों का उचित उपचार और सही समय पर बुवाई करके नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# देवराज नगर में आयोजित हुई जन चौपाल

**रामनगर 2 जुलाई,** देवराज नगर में आज जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती अनिता गुप्ता एसडीओपी ख्याति मिश्रा एवं थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान थाना स्टाफ भी मौजूद रहा जिसमें उपनिरीक्षक आकाश बागड़े, एएसआई भागचंद कुशराम तथा आरक्षक गुड्डू पटेल शामिल रहे।


### नाम संशोधन सूचना

मैं **श्रियांशी द्विवेदी** पुत्री श्री रामलल्लू द्विवेदी (19 वर्ष), निवासी- ग्राम एवं **पोस्ट जमुआर, तहसील बहरी, जिला सीधी (म.प्र.), आधार क्र. 2522 7592 6809,** शपथ कथन करती हूँ कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम '**श्रियांशी द्विवेदी** है जो मेरे जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक अंकसूचियों एवं अन्य शासकीय अभिलेखों में अंकित है। यहकि, मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम **श्रेयांशी** अंकित हो गया है जोकि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है। यह कि **श्रियांशी द्विवेदी** एवं **श्रेयांशी** दोनों एक ही व्यक्ति से संबंधित समस्त दस्तावेज मेरे ही हैं। यहकि, आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटि के कारण मुझे शैक्षणिक एवं अन्य शासकीय कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अत: मेरा वास्तविक एवं सही नाम **श्रियांशी द्विवेदी** आधार अभिलेखों में दर्ज करने तथा आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम **श्रेयांशी** को संशोधित करने हेतु यह **शपथ-पत्र क्र. BE 437529** प्रस्तुत है।